# शब्दावली

**प्रचुर (Abundance)**— किसी वस्तु की पर्याप्त मात्रा।

**प्रशंसा (Accolade)**— उत्तम कार्य के लिए आभार प्रकट करना।

**अनुकूलन (Adaptation)**— वह प्रक्रिया जिसमें एक प्रजाति बदलते पर्यावरण के अनुरूप स्वयं को ढाल लेती है।

**मरणोपरांत जीवन (Afterlife)**— जीवन जो मृत्यु के बाद आरंभ हो।

**आवंटन (Allotment)**— देने या बाँटने की प्रक्रिया।

**तुंगता (Altitude)**— सुमद्र तल से एक स्थान की ऊँचाई।

**प्राचीन, पुरातन (Ancient)**— बहुत पुराने समय का या उससे संबंधित।

**पुरातत्व विज्ञानी (Archaeologist)**— वह व्यक्ति, जो पुरातत्व स्थलों की खुदाई और भौतिक अवशेषों के विश्लेषण से मानव इतिहास और प्रागैतिहासिक काल का अध्ययन करता है।

**संन्यासी (Ascetic)**— परम चेतना को प्राप्त करने के लिए घोर आध्यात्मिक तपस्या करने वाला व्यक्ति।

**अंतरिक्ष यात्री (Astronaut)**— अंतरिक्ष यान से अंतरिक्ष की यात्रा करने में प्रशिक्षित व्यक्ति

**आसक्ति (Attachment)**— किसी व्यक्ति अथवा वस्तु के साथ गहरा संबंध, सामान्यतः भावना या मोह।

**मांगलिक, शुभ (Auspicious)**— अनुकूल अथवा सौभाग्यशाली जैसे – शुभारंभ

**हिमधाव, हिमस्खलन (Avalanche)**— पर्वत या पहाड़ की ढलान से हिम अथवा बर्फ का अचानक गिरना; यह घटना प्रायः बर्फ के पिघलने के दौरान होती है।

**खाड़ी (Bay)**— समुद्र का चौड़े मुख वाला भाग जिसके चारों ओर भूमि अंदर की ओर धँसी हुई होती है।

**विस्मयकारी (Bewildering)**— भ्रम अथवा उलझन।

**बिटुमन (Bitumen)**— काला चिपचिपा पदार्थ जैसे – तारकोल या डामर।

**बंधन (Bonds)**— संबंध/जुड़ाव।

**बुलडोजर (Bulldozer)**— भारी-भरकम वाहन जिसके आगे बहुत बड़ा ब्लेड लगा होता है जो मिट्टी या चट्टानों को हटाने को काम करता है।

**प्रधान दिग्बिंदु (Cardinal Direction)**— चार मुख्य दिशाओं उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम में से एक।

**उत्कीर्ण, तराशना (Carve)**— कोई वस्तु या डिजाइन बनाने के लिए किसी कठोर सामग्री को काटना।

**भजन, जप (Chant)**— सुर में मंत्र अथवा स्तुति गाना; लयबद्ध और बार-बार।

**दम घुटना (Choke)**— गला अवरुद्ध होने के कारण या वायु की कमी से सांस लेने में भारी कठिनाई होना।

**घरेलू कार्य (Chore)**— प्रतिदिन किए जाने वाले कार्य, विशेषकर घर के काम।

**झंकार, खनखनाहट (Clink)**— घंटी की तेज आवाज।

** शब्दावली में दिए गए शब्द/पद अंग्रेजी शब्दों के वर्णक्रमानुसार दिए गए हैं।*

© NCERT not to be republished

**वृष्टि विस्फोट, बादल फटना (Cloudburst)**— एक ही स्थान पर अचानक प्रचंड वर्षा का होना।

**सहयोग करना (Collaborate)**— किसी कार्य या परियोजना पर संयुक्त रूप से कार्य करना।

**ढह जाना (Collapse)**— अचानक गिर जाना।

**स्मरणोत्सव मनाना (Commemorate)**— किसी व्यक्ति या किसी की स्मृति को समारोहपूर्वक मनाना।

**समानता (Commonality)**— विशेषताओं या विशिष्टता को साझा करना।

**विचार करना, सोचना (Conceive)**— किसी बात की मानसिक रूप से कल्पना करना।

**अधिहरण करना (Confiscate)**— जब कोई प्राधिकारी किसी की संपत्ति का अधिग्रहण करता है।

**संगम, प्रयाग (Confluence)**— दो या दो से अधिक नदियों के मिलने का स्थान।

**चेतना, होश (Consciousness)**— किसी बात से स्वयं अवगत होने की स्थिति।

**संरक्षण (Conservation)**— संसाधनों के अनावश्यक उपयोग को रोकना।

**तारामंडल (Constellation)**— तारों का ऐसा समूह जो आकाश में आसानी से पहचाने जाने वाली आकृति बनाते हैं।

**संविधान (Constitution)**— ऐसा प्रलेख या दस्तावेज जिसमें राष्ट्र के आधारभूत सिद्धांतों, नियमों का संग्रह होता है।

**परामर्श (Consult)**— किसी से सलाह लेना अथवा किसी विषय पर वार्तालाप करना।

**उपभोग (Consumption)**— किसी वस्तु या संसाधन का उपयोग करना अथवा उसका सेवन करना।

**संदर्भ, प्रसंग, परिस्थिति (Context)**— किसी घटना, कथन या विचार की पृष्ठभूमि या स्थिति, जिसके आधार पर उसे पूरा समझा जा सकता है।

**समझौता (Convention)**— जिसमें किसी बात पर सहमति होती है।

**पारंपरिक (Conventional)**— रीति परंपरा के अनुसार।

**दोषी (Convicted)**— किसी अपराध के लिए न्यायाधीश या जूरी द्वारा अपराधी घोषित व्यक्ति।

**सहकारी समिति (Cooperative)**— व्यक्तियों का एक औपचारिक समूह जिसमें आर्थिक और सामाजिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए वे स्वत: मिलकर काम करते हैं।

**ब्रह्मांड, विश्व (Cosmos)**— व्यापक रूप से सुव्यवस्थित एवं संतुलित व्यवस्था जिसमें ग्रह, तारे, आकाशगंगाएँ सम्मिलित हैं।

**निर्णायक (Crucial)**— अति महत्व का

**खेती, जोतना (Cultivate)**— फसलों या बागवानी के लिए भूमि या स्थान तैयार करना।

**दुग्धशाला, डेयरी (Dairy)**— ऐसा स्थान जहाँ दूध एकत्रित और संचित किया जाता है।

**विकेंद्रीकृत (Decentralise)**— स्थानीय कार्यालयों या प्राधिकरण को नियंत्रण देना।

**समर्पित (Dedicated)**— किसी कार्य या उद्देश्य के प्रति निष्ठापूर्वक कार्य करना।

**अवज्ञा (Defy)**— खुले रूप से आज्ञा की अवहेलना करना।

**देवता/देवी (Deity)**— एक अलौकिक या दिव्य शक्ति।

© NCERT not to be republished



Reprint 2026-27

**जान-बूझकर किया हुआ कार्य (Deliberate)**— निहित प्रयोजन से किया गया कार्य।

**आनंदप्रद (Delightful)**— अत्यधिक प्रसन्न।

**चित्रित करना (Depict)**— शब्दों या चित्रकारी आदि द्वारा व्यक्त करना।

**उतरना, नीचे आना (Descending)**— ऊपर से नीचे की तरफ चलना या उतरना।

**नियति, भाग्य (Destiny)**— किसी व्यक्ति के साथ अनिवार्य रूप से घटने वाली घटनाएँ या वह शक्ति, जो भविष्य में घटित होने वाली घटनाओं को नियंत्रित करती है।

**विचलित होना, पथ से हटना (Deviate)**— पहले से जिस रास्ते पर चल रहे थे, उसे बदलना।

**खोदना (Digging)**— भूमि की खुदाई कर वस्तुएँ निकालना।

**विवाद (Dispute)**— विरोध या असहमति।

**दुख, कष्ट (Distress)**— अत्यधिक चिंता, दुख या पीड़ा।

**विविधता (Diverse)**— विभिन्न प्रकार का, बहुमुखी।

**आर्थिक क्षेत्रक (Economic Sectors)**— कार्यों के बड़े समूह जो देश की आर्थिक समृद्धि में सहायक होते हैं।

**हटा देना (Eliminate)**— पूरे तरीके से निकाल देना।

**श्रेष्ठजन, विशिष्टि वर्ग (Elite)**— समाज का उच्च वर्ग जैसे– शासक, उच्च अधिकारी, प्रशासक और धर्मगुरु।

**सशक्त करना, अधिकार देना (Empower)**— किसी व्यक्ति या समूह को अधिकार देना या कोई कार्य करने की शक्ति देना।

**सशक्तीकरण (Empowerment)**— किसी व्यक्ति या समूह को अधिकार, क्षमता, संसाधन देने की प्रकिया।

**सामना करना, मुठभेड़ (Encounter)**— किसी प्रतिकूल परिस्थिति से अकस्मात सामना या संघर्ष होना।

**संकट में डालना (Endanger)**— किसी को क्षति पहुँचने की स्थिति में डालना।

**लागू करना, बाध्य करना (Enforce)**— बलपूर्वक कोई कार्य करवाना।

**उकेरना, उत्कीर्ण करना (Engrave)**— पत्थर या धातु-सी किसी कठोर वस्तु पर कोई चित्र उकेरना अथवा अभिकल्प को काटकर उभारना।

**सुधारना (Enhance)**— किसी वस्तु की गुणवत्ता, मूल्य और मात्रा में और सुधार करना।

**समृद्ध बनाना (Enrich)**— किसी वस्तु की गुणवत्ता अथवा मूल्य को बढ़ाना।

**संरक्षित करना अथवा पवित्र मानकर रखना (Enshrine)**— अत्यंत श्रद्धावान किसी वस्तु को किसी विशेष स्थान पर या पाठ्यसामग्री में संभालकर रखना।

**महाकाव्य (Epic)**— एक लंबी कविता जिसमें प्रायः पूर्वकाल के नायकों और अन्य महान व्यक्तियों की वीरता का वर्णन होता है।

**भूमध्य रेखा (Equator)**— पृथ्वी की सतह पर 0° अक्षांश पर खींची गई काल्पनिक रेखा जो पृथ्वी को उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध में विभाजित करती है।

**युग, संवत् (Era)**— समय की विशिष्टि अवधि।

**अपरदन (Erosion)**— समुद्र, पवन और वर्षा से मिट्टी, चट्टान या भूमि का कटाव।

© NCERT not to be republished



Reprint 2026-27

**उद्गार (Eruption)** — अचानक फटना, सामान्यत: अप्रिय शोर के साथ फटना।

**मुहाना, ज्वारनद मुख (Estuary)** — वह स्थान जहाँ नदी समुद्र में मिलती है।

**विकास, उद्भव (Evolution)** — पृथ्वी के इतिहास में आदिकाल से विभिन्न प्राणियों के क्रमिक विकास की प्रक्रिया।

**उत्खनन (Excavate)** — एक ऐसी प्रक्रिया, जिसमें भूमि को खोदकर प्राकृतिक संसाधन निकाले जाते हैं।

**उत्खननकर्ता अथवा उत्खनन मशीन (Excavator)** — वह व्यक्ति जो पुरातात्विक स्थलों में खुदाई करते हैं; बहुत बड़ी मशीन जो भूमि की खुदाई करती है।

**भ्रमण (Excursion)** — आनंद के उददे्श्य से की गई छोटी यात्रा।

**दृष्टांत (Exemplify)** — उदाहरण देते हुए समझाना।

**प्रयास करना (Exert)** — शारीरिक और मानसिक बल लगाना।

**विस्तार (Expanse)** — विस्तृत व्यापक क्षेत्र।

**शोषण, स्वार्थ साधन (Exploitation)** — किसी के कार्य से अनुचित लाभ उठाने के लिए अन्यायपूर्ण व्यवहार।

**अन्वेषण, पर्यवेक्षण (Exploration)** — किसी जगह/वस्तु के बारे पता लगाने या खोजने का कार्य।

**निर्यात, बाहर भेजना (Export)** — एक देश द्वारा अपने यहाँ निर्मित वस्तुएँ या सेवाएँ दूसरे देश को बेचना।

**निष्कर्षण, सार (Extraction)** — किसी खास पदार्थ अथवा सूचना को किसी वस्तु से अलग करना या प्राप्त करना।

**सरल बनाना (Facilitate)** — किसी प्रक्रिया या कार्य को सुगम बनाना।

**कारखाना (Factory)** — ऐसा भवन या भवनों का समूह जहाँ उत्पाद तैयार किए जाते हैं या संयोजित किए जाते हैं।

**प्राणी समूह (Fauna)** — किसी विशेष स्थान या काल में पाए जाने वाला प्राणी जीवन।

**अनुकूल, सहायक (Favourable)** — किसी व्यक्ति या वस्तु के प्रति सकारात्मक परिस्थिति।

**शुल्क (Fee)** — व्यावसायिक परामर्श या सेवाओं के बदले में की जाने वाली भुगतान राशि।

**प्रतिमा (Figurine)** — मानव आकार की लघु मूर्ति।

**वित्तीय (Financial)** — मुद्रा संबंधी।

**तैयार माल (Finished Goods)** — वह वस्तुएँ, जिनकी उत्पादन प्रक्रिया पूर्ण हो गई हो।

**आकस्मिक बाढ़ (Flash Flood)** — अचानक आई स्थानीय बाढ़, जो प्रायः बादल फटने से आती है।

**वनस्पति समूह (Flora)** — किसी विशेष स्थान या काल में पाए जाने वाले पौधे या वनस्पतियाँ।

**लोक-कथाएँ (Folklore)** — पीढ़ी-दर-पीढ़ी मौखिक रूप से या अन्य माध्यमों से संचरित कथाएँ, लोकगीत और परंपराएँ।

**तलहटी (Foothills)** — पर्वत या पर्वत शृंखला के आधार पर स्थित नीची पहाड़ियाँ।

**प्रतिपादित करना (Formulate)** — सुव्यवस्थित तरीके से व्यक्त या तैयार करना।

© NCERT not to be republished



Reprint 2026-27

**किलेबंदी (Fortification)** — सामान्यतः सुरक्षा की दृष्टि से किसी बस्ती या नगर के चारों ओर बनाई गई विशाल दीवार।

**जीवाश्म (Fossils)** — मिट्टी या चट्टानों की सतहों के बीच संरक्षित वनस्पतियाँ या पशुओं के अस्थि अवशेष।

**प्रोत्साहन (Foster)** — उत्साहित करना, बढ़ावा देना।

**कच्चा, सहजता से टूट जाने वाला (Fragile)** — आसानी से टूट जाने वाला या क्षतिग्रस्त होने वाला।

**रूपरेखा (Framework)** — किसी प्रणाली, अवधारणा या विषय की आधारभूत संरचना।

**विशेष अधिकार (Franchise)** — किसी व्यक्ति अथवा समूह को विशेष व्यवसायिक कार्य करने के लिए अधिकार देना।

**संपूर्ण (Full-fledged)** — पूर्ण विकसित या स्थापित।

**मौलिक (Fundamental)** — अत्यंत महत्वपूर्ण, किसी वस्तु का मूल आधार।

**पीढ़ी (Generation)** — लगभग एक समय में पैदा होने वाले और पहले से मौजूद लोगों का समूह।

**आनुवंशिकी विज्ञान (Genetics)** — जीव विज्ञान की शाखा, जिसके अंतर्गत वनस्पतियों, पशुओं और मानव के निश्चित लक्षण और विशिष्टताओं का अध्ययन किया जाता है।

**सुस्पष्ट (Glaring)** — चमकीला, साफ-साफ दिखाई देने वाला।

**कृतज्ञता (Gratitude)** — धन्यवाद प्रकट करना, दयालुता के प्रति सराहना।

**ग्रीन हाउस खेती (Greenhouse Farming)** — कृषि उपज में सुधार लाने हेतु किसी नियंत्रित पर्यावरण, जैसे कि काँच या प्लास्टिक के ढाँचे के भीतर की जाने वाली खेती।

**ग्रिनिच माध्य समय (Greenwich Mean Time (GMT))** — ग्रिनिच, लंदन की रॉयल वेधशाला में माध्य सौर समय को विश्व के लिए संदर्भ समय के रूप में प्रयोग किया जाता है।

**ग्रेगोरियन कैलेंडर (Gregorian Calendar)** — इस कैलेंडर का उपयोग अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किया जाता है।

**गल्फ, खाड़ी (Gulf)** — समुद्र का वह भाग जो लगभग धरती से घिरा होता है।

**ओला (Hailstone)** — आकाश से गिरने वाले बर्फ के छोटे गोले।

**पल्ली (Hamlet)** — छोटी बस्ती या छोटा-सा गाँव।

**परेशान करना/सताना (Harass)** — मानसिक, भावनात्मक, शारीरिक कष्ट या असुविधा पहुँचाना।

**सौहार्दपूर्ण (Harmoniously)** — मिल-जुल कर, सद्भावपूर्ण ढंग से आपसी तालमेल।

**मित्रभाव, मेल-मिलाप (Harmony)** — बिना किसी विवाद या मतभेद की स्थिति, कोई भी अनुकूल स्थिति।

**आरोग्यकर्ता (Healer)** — जो परंपरागत तरीकों से रोग को ठीक करता हो या रोग से आराम दिलाता हो।

**झुंड (Herd)** — पशुओं का बड़ा समूह।

**ऐतिहासिक या पारंपरिक धरोहर (Heritage)** — किसी परिवार, समुदाय या देश की बहुमूल्य वस्तुएँ, परंपराएँ और संस्कृति।

© NCERT not to be republished



Reprint 2026-27

**इतिहासकार (Historian)**— वह व्यक्ति जो मानव के अतीत पर अध्ययन करता है।

**इतिहास (History)**— मानव के अतीत का अध्ययन करने वाला

**गृहिणी (Homemaker)**— घर और घर के समस्त कार्य संभालने के लिए उत्तरदायी।

**सदन (House)**— ऐसी सभा जहाँ कानून बनाने पर चर्चा की जाती है और उसे पारित किया जाता है।

**विस्तार (Immense)**— विस्तृत व्यापक क्षेत्र।

**कार्यान्वयन (Implementation)**— किसी निर्णय या योजना को लागू करने की प्रक्रिया।

**आयात (Import)**— दूसरे देश द्वारा क्रय की जाने वाली वस्तुएँ।

**भारतीय मानक समय (Indian Standard Time) (IST)**— संपूर्ण भारत में देखे जाने वाला आधिकारिक समय जो ग्रिनिच माध्य समय से 5 घंटे 30 मिनट आगे है।

**संघटक, अवयव (Ingredient)**— किसी वस्तु के संघटक; प्राय: किसी खाद्य सामग्री या वस्तु में प्रयुक्त होने वाली सामग्री।

**निवासी (Inhabitants)**— किसी विशेष स्थान पर रहने वाले लोग।

**शिलालेख (Inscriptions)**— शिला अथवा धातु पर अंकित किए गए शब्द या पाठ्यसामग्री।

**अन्योन्याश्रय (Interdependence)**— परस्पर निर्भरता।

**अंतरराष्ट्रीय तिथि रेखा (International Date Line)**— पृथ्वी की सतह पर 180° देशांतर पर खींची गई काल्पनिक रेखा, जिसके पार जाते समय कैलेंडर दिवस बदल जाता है।

**डराना (Intimidating)**— भय अथवा भयभीत करना।

**जिज्ञासा (Intrigue)**— किसी वस्तु के बारे में उत्सुकता या कौतुहल होना।

**आक्रांता (Invaders)**— किसी सेना अथवा समूह का अन्य देश में बलपूर्वक घुसना।

**प्रार्थना (Invocation)**— किसी सर्वशक्तिमान को सहायता के लिए पुकारना।

**विवेकपूर्ण ढंग से (Judiciously)**— सुविचारित रूप से सार्थक निर्णय लेना।

**भू-दृश्य, प्राकृतिक घटा (Landscape)**— भूमि के किसी क्षेत्र में दिखाई देने वाले परिदृश्य।

**भूस्खलन (Landslide)**— पर्वत के किनारों से अचानक मिट्टी या चट्टानों का गिरना।

**लावा (Lava)**— पिघली चट्टानों का द्रव्य, जो ज्वालामुखी के विस्फोट के दौरान पहाड़ से निकलता है।

**लाइकेन (Lichen)**— वनस्पति की एक प्रजाति जो प्राय: चट्टानों, दीवारों या पेड़ों से चिपकी होती है।

**पशुधन (Livestock)**— पशुसंपत्ति, कृषि में प्रयोग होने वाले जानवर।

**अभिव्यक्ति (Manifest)**— प्रत्यक्ष रूप से क्रियाओं, घटनाओं का घटित होना।

**पांडुलिपि, हस्तलिपि (Manuscript)**— पेड़ की छाल, कपड़ा, ताड़पत्र या कागज पर हस्तलिखित दस्तावेज।

**समुद्री (Marine)**— महासागरों और सागरों में पाए जाने वाले जैविक और अजैविक पदार्थ।

© NCERT not to be republished



Reprint 2026-27

**बाजार (Market)**— ऐसा स्थान जहाँ वस्तुओं और सेवाओं का क्रय-विक्रय किया जाता है।

**चमत्कार, अद्भुत (Marvel)** — अत्यंत आश्चर्यचकित और अद्वितीय करने वाली घटना या वस्तु।

**अपर्याप्ति, अल्प (Meagre)**— मात्रा या गुणवत्ता में कमी।

**यंत्र रचना (Mechanism)**— मशीन के कलपुर्जे या मशीन में एक साथ काम करने वाली क्रियाविधि।

**देशांतर की मध्याह्न रेखा (Meridian of longitude)**— काल्पनिक अर्धवृत्त जो धरती की सतह पर उत्तर ध्रुव से दक्षिण ध्रुव तक होता है और यह दर्शाता है कि धरती पर पूर्वी व पश्चिमी बिंदु से प्रमुख मध्याह्न रेखा की दूरी कितनी है।

**धातु विज्ञान (Metallurgy)**— प्रकृति से धातुओं को निकालने, शुद्ध करने अथवा आपस में मिलाने की तकनीक, साथ ही धातुओं की विशेषताओं का वैज्ञानिक अध्ययन।

**अत्यंत कुशल, निपुण (Meticulous)**— सावधान और विवरण पर ध्यान देकर कार्य करने वाला।

**बिचौलिया (Middlemen)**— वे व्यक्ति जो उत्पादकों से माल खरीदकर उपभोक्ताओं को बेचते हैं।

**प्रवास, प्रव्रजन (Migrate)**— किसी व्यक्ति, समूह अथवा जीव का एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित होना।

**मौद्रिक (Monetary)**— धनराशि या मुद्रा से संबधित।

**मौद्रिक मूल्य (Monetary value)**— वस्तु अथवा सेवा का मूल्य जिसे मुद्रा में मापा जा सके।

**वस्तु का नकद मूल्य (Money's worth)**— किसी वस्तु अथवा सेवा से लाभ प्राप्त करने के लिए उस पर अंकित किया गया मूल्य।

**साधु/भिक्षु (Monk)** — वह व्यक्ति जो अपना घर-परिवार छोड़कर धार्मिक और आध्यात्मिक उत्थान के लिए जीवन जीता है।

**पर्वतीय वन (Montane forest)**— ऐसे वन जो पर्वतीय क्षेत्रों में होते हैं।

**काई (Moss)**— बिना फूल या जड़ वाली एक प्रकार की छोटी हरे रंग की वनस्पति, जो गद्देदार आवरण की तरह फैली हुई होती है।

**आदर्श वाक्य (Motto)**— किसी व्यक्ति, परिवार अथवा संस्थान के विश्वास या आदर्श को दर्शाता लघु वाक्य, वचन अथवा वाक्यांश।

**आख्यान (Narrative)**— कहानी या घटनाओं, अनुभवों या आपसी विमर्श का विशेष रूप से रचनात्मक वर्णन।

**मूल निवासी (Native)**— किसी विशेष क्षेत्र या देश में जन्मा और पला-बढ़ा व्यक्ति, जो अभी भी उसी स्थान पर रहता हो।

**संचालन (Navigate)**— समुद्री जहाज, हवाई जहाज आदि का मार्ग निर्देशन अथवा एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचने का मार्ग खोजने का विज्ञान।

**मार्ग निर्देशन (Navigation)**— किसी यात्रा के मार्ग का निर्देशन करना।

**नाम मात्र, औपचारिक (Nominal)**— सिर्फ नाम के लिए।

**उत्तर ध्रुव (North Pole)**— उत्तरी गोलार्ध में वह स्थान, जहाँ पृथ्वी के घूर्णन का अक्ष 90° उ० पर पृथ्वी की सतह से मिलता है।



Reprint 2026-27

**एकल परिवार (Nuclear family)**— ऐसा परिवार जिसमें केवल माता-पिता और बच्चे होते हैं।

**अनगिनत (Numerous)**— बहुत या अनेक।

**धर्म संघिनी (Nun)**— महिला भिक्षु, भिक्खुनी।

**उपशाखा (Offshoot)**— किसी मुख्य रूप से विकसित होने वाली शाखा।

**फलोद्यान (Orchard)**— भूमि का हिस्सा, जहाँ फलदार पेड़ लगाए जाते हैं।

**निरीक्षण, सर्वेक्षण (Oversee)**— किसी व्यक्ति या व्यक्तियों और उनके कार्यों का निरीक्षण करना।

**अक्षांश वृत्त, अक्षांश समांतर (Parallels of Latitude)**— पृथ्वी की सतह पर पूर्व से पश्चिम की ओर जाने वाली काल्पनिक रेखाएँ जिससे यह पता चलता है कि भूमध्य रेखा से पृथ्वी की सतह पर उत्तर या दक्षिण का कोई स्थान उससे कितनी दूर है।

**संक्षिप्त व्याख्या (Paraphrase)**— लिखी गई अथवा कही गई बात के अर्थ की व्याख्या करना, भिन्न शब्दों का प्रयोग करते हुए और अधिक संक्षेप में समझाना।

**पाश्चुरीकरण (Pasteurisation)**— दूध को संरक्षित करने की प्रक्रिया, जिसमें हानिकारक जीवाणुओं को मारने के लिए निर्धारित तापमान पर दूध को उबाला जाता है।

**वस्तु के रूप में भुगतान (Payment in kind)**— किए गए कार्य के लिए धनराशि न देकर वस्तु के रूप में भुगतान करना।

**अनुभव करना (Perceive)**— किसी वस्तु या व्यक्ति को समझना।

**इंद्रियगोचर (Perceptible)**— जिसे देखा, सुना, चखा, सूंघा या महसूस किया जा सके अथवा प्रत्यक्ष अनुभव किया जा सके।

**दृष्टिकोण (Perspective)**— अपना नजरिया व्यक्त करना।

**रंगद्रव्य (Pigment)**— एक प्राकृतिक अथवा कृत्रिम पदार्थ जो रंग देने के लिए उपयोग किया जाता है।

**तीर्थयात्री (Pilgrim)**— धार्मिक कारणों से तीर्थस्थलों की यात्रा करने वाला व्यक्ति।

**सहायता करना, शामिल होना (Pitch in)**— किसी वस्तु से सहयोग देते हुए सहायता करना।

**परिशुद्ध, सुस्पष्ट, यथातथ्य (Precise)**— किसी विवरण को सटीक व स्पष्ट तरीके से व्यक्त करना।

**प्रमुख याम्योत्तर (Prime Meridian)**— पृथ्वी पर 0° देशांतर पर निर्दिष्ट की गई मध्याह्न रेखा जो इंग्लैंड के ग्रीनिच से गुजरती है।

**अनुपात (Proportion)**— संपूर्ण की तुलना में उसके बाकी के भाग, अंश या संख्या।

**समृद्धि (Prosperous)**— धन और सफलता की प्राप्ति।

**दलहन (Pulses)**— दालों के प्रकार जिसमें सेम, मटर आदि सम्मिलित हैं।

**विकीर्ण (Radiate)**— किरणों या तरंगों (विशेषकर ऊर्जा) के रूप में प्रकाश या उष्मा का प्रसारण।

**नियमन (Regulate)**— नियमों और अधिनियमों के माध्यम से नियंत्रित करना।

**उकेरी गई आकृति (Relief)**— पत्थर, लकड़ी मृत्तिका (सेरेमिक) आदि की बनी सतह पर उकरी हुई डिजाइन।

**नवीकरण, मरम्मत (Renovation)**— किसी वस्तु (जैसे कि भवन) का नवप्रवर्तन।

**प्रसिद्ध (Renowned)**— जाना-माना, विख्यात।

**जलाशय (Reservoir)**— जलापूर्ति के लिए प्राकृतिक अथवा कृत्रिम झील।



Reprint 2026-27

**लचीलापन (Resilience)**— चुनौतियों और कठिनाइयों का सामना करने की क्षमता।

**संकल्प करना (Resolve)**— किसी समस्या का हल या समाधान पाना।

**खुदरा (Retail)**— अंतिम उपयोगकर्ता के प्रयोग के लिए कम मात्रा में वस्तुओं का विक्रय।

**आदर (Reverence)**— किसी व्यक्ति के लिए श्रद्धा भाव।

**लूटना (Rob)**— किसी व्यक्ति अथवा स्थान से गैर-कानूनी ढंग से संपत्ति लेना।

**निकटतम पूर्णांक (Rounded off)**— अनुमानित सरल अंक।

**वेतन (Salary)**— नियोक्ता द्वारा अपने कर्मचारी को प्रतिमाह दिए जाने वाला नियत नियमित भुगतान।

**अध्येता/विद्वान (Scholar)**— अध्ययन की किसी विशेष शाखा का विशेषज्ञ।

**झुलसना (Scorching)**— अत्यंत गरम।

**समुद्र तल (Sea level)**— महासागरों की सतह का औसत तल; यह माध्य समुद्र तल भी कहलाता है।

**समुद्र (Sea)**— खारे जल का विशाल भाग जो महासागर से छोटा होता है और पूर्णत: या आंशिक रूप से धरातल से घिरा हुआ होता है।

**द्वितीयक क्षेत्रक (Secondary Sector)**— गतिविधियों का वह समूह, जो प्राथमिक क्षेत्रक से लिए गए कच्चे माल को संसाधित करके बिक्री और उपभोग योग्य बनाता है।

**अन्वेषक, जिज्ञासु, साधक (Seeker)**— संत, योगी, दार्शनिक या बुद्धिजीवी जो इस संसार में सत्य की खोज में लगा हुआ है।

**वियोजन (Segregation)**— किसी व्यक्ति अथवा लोगों के समूह या वस्तु को दूसरों से अलग करने का कार्य या स्थिति।

**बस्ती (Settlement)**— वह स्थान जहाँ लोग समुदाय में रहते हैं।

**तीर्थ (Shrine)**— पवित्र स्थल।

**इतिहास का स्रोत (Source of History)**— स्थान, व्यक्ति, ग्रंथ या वस्तु जिससे हम अतीत की जानकारियाँ प्राप्त करते हैं।

**दक्षिण ध्रुव (South Pole)**— दक्षिणी गोलार्ध में वह स्थान जहाँ पृथ्वी के घूर्णन का अक्ष 90° दक्षिण पर पृथ्वी की सतह से मिलता है।

**प्रजाति (Species)**— मिलते-जुलते प्राणियों का समूह जिसमें एक-सी विशेषताएँ होती हैं।

**प्रभावशाली, शानदार (Spectacular)**— सुंदर और नयनाभिराम।

**आध्यात्मिक (Spiritual)**— स्वयं से ऊपर उठकर आत्मा-परमात्मा को जानना।

**आध्यात्मिकता (Spirituality)**— सामान्य व्यक्तित्व के परे गहरे या उच्च आयामों की प्राप्ति या खोज।

**मानक समय-क्षेत्र (Standard Time Zone)**— 15° देशांतर का एक क्षेत्र (जोन) जो अगले समय-क्षेत्र से एक घंटे का अंतर रखता है।

**शासन-कला (Statecraft)**— राज्य के मामलों के प्रबंधन का राजनीतिक कौशल।

**खड़ी ढाल (Steep)**— तीखी चढ़ान और उतराई।

**उत्तेजना (Stirring)**— अत्यधिक उत्साहित या भावातिरेक में होना।



© NCERT not to be republished

Reprint 2026-27

**उपमहाद्वीप (Subcontinent)**— महाद्वीप का एक बड़ा भाग, जो उससे अलग विशिष्टता रखता है।

**डुबोना (Submerge)**— पानी के अंदर किसी वस्तु का जाना।

**महोर्मि, तरंगख, लहर (Surge)**— किसी वस्तु, की मात्रा या तीव्रता में उछाल या अचानक वृद्धि, जैसे भीड़ या प्राकृतिक बल से तरंगों का उठना।

**कृत्रिम (Synthetic)**— अप्राकृतिक, बनावटी।

**वेदिका (सीढ़ीदार कृषि) (Terrace Farming)**— पर्वतों की ढालों पर सीढ़ी के आकार में काटकर की जाने वाली कृषि।

**भूभाग (Terrain)**— भौतिक विशेषताओं की दृष्टि से भूमि का एक टुकड़ा।

**स्थलीय/पार्थिव (Terrestrial)**— पृथ्वी से संबंधित/भूमि पर आधारित।

**तृतीयक क्षेत्रक (Tertiary Sector)**—गतिविधियों का ऐसा समूह जो प्राथमिक एवं द्वितीयक क्षेत्रक को सेवा उपलब्ध करवाकर उन्हें संपूर्ण बनाता है, जैसे कि परिवहन, बैंकिग आदि।

**साक्ष्य (Testimony)**— किसी वस्तु, घटना अथवा व्यक्ति से संबधित सबूत या प्रमाण।

**रूपांतरण (Transform)**— रूप, व्यवहार या प्रकृति में स्पष्टतया दृष्टिगोचर होने वाला परिवर्तन।

**ट्रांसजेंडर (Transgender)**— जिसका जन्म एक अलग लिंग में हुआ हो, परंतु वह स्वयं को अन्य लिंग से अधिक संबंधित अनुभव करे।

**प्रेषित करना/प्रसारित करना (Transmit)**— एक स्थान से दूसरे स्थान तक भेजना अथवा प्रसारित करना जैसे– ध्वनि, वीडियो, रोगाणु, बीमारी इत्यादि।

**सहायक नदी (Tributary)**— एक नदी अथवा धारा जो किसी बड़ी नदी में सम्मिलित हो जाए।

**अंतर्निहित (Underlying)**— किसी कथन अथवा सूचना में पहले से समाहित होना।

**सुविधा-वंचित (Underprivileged)**— ऐसा समूह जिसके पास बुनियादी सुविधाओं तक सीमित या कोई पहुँच नहीं होती।

**तरंगति (Undulating)**— गति के अनुरूप ऊपर अथवा नीचे होना।

**यूनेस्को (UNESCO)**— ये शब्द संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन का लघु रूप है। यह संस्था लोगों एवं देशों के मध्य शिक्षा, विज्ञान एवं संस्कृति के माध्यम से संवाद स्थापित करती है।

**सिलाई रहित (Unstitched)**— ऐसी वस्तु जिसे सिला न गया हो।

**उत्थान (Upliftment)**— किसी के स्तर में सकारात्मक सुधार।

**नगरीकरण (Urbanization)**— नगरों अथवा कस्बों की निर्माण प्रक्रिया और विकास।

**घाटी (Valley)**— पर्वत अथवा पहाड़ों का निचला क्षेत्र; प्राय: इस क्षेत्र से नदी अथवा धारा बहती है।

**विभेद (Variation)** — दो वस्तुओं अथवा संस्करणों में अंतर।

**महत्वपूर्ण (Vital)**— अति आवश्यक।

**स्वेच्छा (Voluntary)**— अपनी इच्छा से कोई कार्य करना।

**मजदूरी (Wage)**— किसी विशेष कार्याविधि में नियोक्ता द्वारा प्रदान की गई धनराशि।



Reprint 2026-27

**गोदाम (Warehouse)** — ऐसा स्थान जहाँ वस्तुओं को उपयोग करने, बेचने अथवा किराए पर देने से पहले उनका भंडारण किया जाता है।

**संपत्ति (Wealth)** — किसी व्यक्ति या समूह के पास बड़ी मात्रा में मूल्यवान संसाधनों और वस्तुओं का कुल योग।

**बुनना (Weaving)** — वस्त्र निर्माण की एक कला।

**कल्याण (Welfare)** — किसी व्यक्ति, समूह या समाज के कष्ट निवारण की स्थिति।

**वैश्विक दर्शन (Worldview)** — विश्व के उद्भव एवं उसकी कार्य प्रणाली की समझ का एक निश्चित दृष्टिकोण।

**नोट** — *इस शब्दावली में दिए शब्दों को विद्यार्थियों की कक्षा के अनुरूप एवं पाठ्यपुस्तक में उनके संदर्भ के अनुसार सरलीकृत रूप में प्रस्तुत किया गया है।*

© NCERT not to be republished



Reprint 2026-27

# बाह्य स्रोतों से चित्र और मानचित्र

रा.शै.अ.प्र.प, निम्नलिखित संगठनों और व्यक्तियों को उनके चित्रों का उपयोग करने की अनुमति प्रदान करने के लिए धन्यवाद देता है—

## 1. संगठन और व्यक्ति

- चित्र 1.6—पृष्ठ 18, सर्वे ऑफ इंडिया के सौजन्य से
- चित्र 2.1—पृष्ठ 27, https://www.lroc.asu.edu/images/940, NASA/GSFC/ArizonaState के सौजन्य से
- पृष्ठ 28—भारतीय नौसेना का प्रतीक, भारतीय नौसेना के सौजन्य से
- चित्र 2.4—पृष्ठ 33, सर्वे ऑफ इंडिया के सौजन्य से
- चित्र 3.9—पृष्ठ 54, नासा (NASA) के सौजन्य से
- अध्याय 4—पृष्ठ 59, https://commons.wikimedia.org/wiki/File:India_national_museum_01.jpg से लिया गया।
- चित्र 4.1—पृष्ठ 60, Wikimedia Commons https://commons.wikimedia.org/wiki/File:Timeline_evolution_of_life.svg से लिया गया।
- पृष्ठ 69—सभी चित्र राष्ट्रीय संग्रहालय के सौजन्य से
- चित्र 5.1—पृष्ठ 75, राष्ट्रीय संग्रहालय के सौजन्य से
- चित्र 5.2—पृष्ठ 76, प्रोफेसर वी.एन. प्रभाकर के सौजन्य से
- चित्र 5.3—पृष्ठ 77, प्रोफेसर वी.एन. प्रभाकर के सौजन्य से
- चित्र 5.4—पृष्ठ 79, प्रोफेसर वी.एन. प्रभाकर के सौजन्य से
- चित्र 5.5—पृष्ठ 82, स्रोत – लोक सभा सचिवालय, नई दिल्ली, 1999 (हिंदी प्रतिलिपि—प्रबंधक, भारत सरकार, फोटो लिथो मुद्रणालय, नई दिल्ली द्वारा निर्मित की गई।)
- पृष्ठ 83—ज़ुआनज़ैंग की छवि, स्रोत: https://commons.wikimedia.org/wiki/File:Xuanzang_w.jpg
- चित्र 6.1—पृष्ठ 85, डॉ. आर.एस. बिष्ट और ए.एस.आई. के सौजन्य से
- चित्र 6.3—पृष्ठ 88 और 89, प्रोफेसर वी.एन. प्रभाकर के सौजन्य से
- चित्र 6.4—पृष्ठ 92, ए.एस.आई. और https://commons.wikimedia.org/wiki/File:Kalibangan_2_Main_street.jpg के सौजन्य से

© NCERT not to be republished

- चित्र 6.5 — पृष्ठ 92, डॉ. आर.एस. बिष्ट और ए.एस.आई. के सौजन्य से
- चित्र 6.7 — पृष्ठ 94, मिशेल डैनिनो के सौजन्य से
- चित्र 6.8 — पृष्ठ 95, मिशेल डैनिनो के सौजन्य से
- चित्र 6.9 — पृष्ठ 96, ए.एस.आई. के सौजन्य से
- चित्र 6.10 — पृष्ठ 98, स्रोत — https://commons.wikimedia.org/wiki/File:Indus_Valley_Civilization_carnelian_beads_excavated_in_Susa.jpg
- चित्र 6.11 और 6.12 — पृष्ठ 98, डॉ. डेनिस फ्रेनेज के सौजन्य से
- चित्र 6.13.1 — पृष्ठ 99, राष्ट्रीय संग्रहालय के सौजन्य से, http://courtesy National Museum https://museumsofindia.gov.in/repository/record/nat_del-180-9-8919
- चित्र 6.13.2 और 6.13.3 — पृष्ठ 99, ए.एस.आई. के सौजन्य से
- चित्र 6.14.1, 6.14.2, 6.14.3, 6.14.4, 6.14.5 — पृष्ठ 100, डॉ. आर.एस. बिष्ट और ए.एस.आई. के सौजन्य से
- चित्र 6.14.6 — पृष्ठ 100, प्रोफेसर वी.एन. प्रभाकर और ए.एस.आई. के सौजन्य से
- चित्र 6.15.1 — पृष्ठ 101, स्रोत — https://en.wikipedia.org/wiki/Priest-King_%28sculpture%29#/media/File:Mohenjo-daro_Priesterk%C3%B6nig.jpeg, On display at National Museum, Karachi, Pakistan
- चित्र 6.15.2, 6.15.4, 6.15.5 — पृष्ठ 101, राष्ट्रीय संग्रहालय के सौजन्य से
- चित्र 6.15.3, 6.15.6 — पृष्ठ 101, ए.एस.आई. के सौजन्य से
- एक ऋषि (हम्पी, कर्नाटक) — पृष्ठ 105, मिशेल डैनिनो के सौजन्य से
- बुद्ध (भूटान) — पृष्ठ 105, मिशेल डैनिनो के सौजन्य से
- महावीर (बिहार) — पृष्ठ 105, स्रोत — https://commons.wikimedia.org/wiki/File:Bhagwan_Mahaveer.jpg फाइल : Bhagwan_Mahaveer.jpg
- बुद्ध की शिक्षाओं को दर्शाता एक पत्थर का भित्ति चित्र — पृष्ठ 114, राष्ट्रीय संग्रहालय के सौजन्य से https://Delhi._2004.jpg
- महावीर की एक पारंपरिक पेंटिग — पृष्ठ 115, https://garystockbridge617.getarchive.net/media/mahvra-ecb11c

© NCERT not to be republished



Reprint 2026-27

- मध्य प्रदेश के भरहुत में एक पत्थर का पैनल जिसमें वानर-राज की कहानी को दर्शाया गया है — पृष्ठ 117, https://commons.wikimedia.org/wiki/File:Mahakapi_Jataka_in_Bharhut.jpg
- नई दिल्ली के एक जैन मंदिर से चित्र — पृष्ठ 118, स्रोत https://upload.wikimedia.org/wikipedia/commons/d/db/Ahinsa.jpg
- एलोरा (महाराष्ट्र) में चट्टान को काटकर बनाई गई गुफाएँ — पृष्ठ 119, मिशेल डैनिनो के सौजन्य से
- तमिलनाडु के नीलगिरि की टोडा जनजाति — पृष्ठ 121, डॉ. तरुण छाबड़ा के सौजन्य से
- जाली की छवि — पृष्ठ 125, मिशेल डैनिनो के सौजन्य से
- चित्र 8.2 — पृष्ठ 128, ए.एस.आई. के सौजन्य से
- चित्र 8.4 — पृष्ठ 130 और 131, श्री के. मरुथाचलम के सौजन्य से
- चित्र 8.6 — पृष्ठ 134, राष्ट्रीय संग्रहालय के सौजन्य से
- चित्र 8.7 — पृष्ठ 135, डॉ. एम. अमृतलिंगम और सी.पी.आर. पर्यावरण शिक्षा केंद्र, चेन्नई के सौजन्य से
- हलमा परंपरा (सभी चित्र) — पृष्ठ 145, शिवगंगा, झाबुआ, मध्य प्रदेश के सौजन्य से
- डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम — पृष्ठ 158, स्रोत — https://en.wikipedia.org/wiki/A._P._J._Abdul_Kalam
- उदाहरणात्मक सरपंच — ज्ञानेश्वर कांबले — पृष्ठ 166, इंडियन एक्सप्रेस के सौजन्य से
- उदाहरणात्मक सरपंच — वंदना बहादुर मैदा — पृष्ठ 166, हिंदुस्तान टाइम्स के सौजन्य से
- उदाहरणात्मक सरपंच — पोपटराव बागुजी पवार — पृष्ठ 166, पोपटराव बागुजी पवार के सौजन्य से
- चित्र 12.1 — पृष्ठ 174 के सौजन्य से, https://www.flickr.com/photos/anappaiah/3033906173 (CC BY-SA 2.0)
- चित्र 12.3 — पृष्ठ 177, https://commons.wikimedia.org/wiki/File:Ripon_Building_panorama.jpg
- चित्र 12.4 सी.आर.एम. — अग्निशमन सेवाएँ — पृष्ठ 178, https://commons.wikimedia.org/wiki/File:MFDFiretruckold.JPG
- अध्याय 14, कोलाज (जल आपूर्ति) — पृष्ठ 197, https://commons.wikimedia.org/wiki/File:Brass_water_tap.jpg
- पृष्ठ 203 से 205 तक के सभी चित्र अमूल के सौजन्य से

© NCERT not to be republished



Reprint 2026-27

## 2. Dreamstime.com से रॉयल्टी मुक्त स्टॉक

- प्रारंभिक पृष्ठ xx
- परिचय, पृष्ठ 2 और 3
- अध्याय 1, परिचयात्मक छवि — पृष्ठ 7
- अध्याय 2, महासागरीय जीवन पर कोलाज के भीतर की सभी तस्वीरें — पृष्ठ 30
- अध्याय 3, चित्र 3.2 में सभी छवियाँ — पृष्ठ 44; चित्र 3.4 — पृष्ठ 47; चित्र 3.6 — पृष्ठ 50
- अध्याय 3, चित्र 3.3 — पृष्ठ 45, चित्र 3.5 — पृष्ठ 48, चित्र 3.7 — पृष्ठ 52, चित्र 3.10 — पृष्ठ 56
- अध्याय 4, चित्र 4.1 में समय रेखा के अंदर छोटी छवियाँ — पृष्ठ 62–63
- अध्याय 5, परिचयात्मक छवि — पृष्ठ 75
- अध्याय 6, समय रेखा के अंदर छोटी छवियाँ, चित्र 6.2 — पृष्ठ 87, चित्र 6.6 — पृष्ठ 93
- अध्याय 7, बुद्ध की छवि — पृष्ठ 113, वरली पेंटिंग — पृष्ठ 120, वट वृक्ष — पृष्ठ 123
- अध्याय 8, चित्र 8.3 — पृष्ठ 129
- अध्याय 12, चित्र 12.4 (जल शुल्क, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, व्यवसाय, होर्डिंग्स, व्यापार लाइसेंस, जल टैंकर, मलबा निकासी, पेड़ों की काटाई और पेड़ों का परिवहन और सार्वजनिक शौचालय) — पृष्ठ 178
- अध्याय 13, स्वर्ण मंदिर में भक्तों को प्रसाद और लंगर वितरित करना — पृष्ठ 192
- अध्याय 14, कोलाज (कृषि, निर्माण, स्वास्थ्य सेवा, खनन, मत्स्य पालन, सौर ऊर्जा, बिजली उत्पादन) — पृष्ठ 197; खुदाई, मछली पालन, वानिकी, पशुपालन — पृष्ठ 198, पोस्टर छवि — पृष्ठ 206

## 3. Freepik.com से रॉयल्टी मुक्त स्टॉक

- अध्याय 12, चित्र 12.4 (विवाह प्रमाण पत्र, विभिन्न लाइसेंस, शिकायतें, जल टैंकर, ऑडिटोरियम, चल शौचालय, एंबुलेंस) — पृष्ठ 178
- अध्याय 14, कोलाज — व्यापार और रसद, संचार, परिवहन — पृष्ठ 197

## 4. ए.आई. द्वारा उत्पन्न छवियाँ

- अध्याय 3, परिचयात्मक पृष्ठ — पृष्ठ 41
- अध्याय 4, चित्र 4.2.1, 4.2.2, 4.2.3, 4.2.4 — पृष्ठ 61
- अध्याय 10, चित्र 10.1 (दोनों छवियाँ) — पृष्ठ 151

© NCERT not to be republished

- अध्याय 11, परिचयात्मक छवि — पृष्ठ 163
- अध्याय 12, सभी छवियाँ — पृष्ठ 163
- अध्याय 12, चित्र 12.4 (संपत्ति कर) — पृष्ठ 178
- अध्याय 13, सभी चित्र — पृष्ठ 186–187; स्वच्छ भारत, वन महोत्सव — पृष्ठ 192
- अध्याय 14, परिचयात्मक चित्र — पृष्ठ 195, कोलाज (विनिर्माण, कुक्कुट पालन, बैंकिंग, वानिकी) — पृष्ठ 197, ग्रीनहाउस खेती — पृष्ठ 198, मोटर वाहन कारखाना, वस्त्र कारखाना — पृष्ठ 199, औषधि कारखाना, फर्नीचर निर्माण इकाई — पृष्ठ 199, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, रेस्तरां में सेवाएँ — पृष्ठ 201, हवाई अड्डों पर सेवाएँ, खुदरा भंडार — पृष्ठ 201

***टिप्पणी*** — *(1) ए.एस.आई. — आर्किओलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण)*

*(2) सभी इंटरनेट लिंक जून 2024 में एक्सेस किए गए हैं।*

© NCERT not to be republished



Reprint 2026-27